राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–146/2023

ऊर्जा के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी व्यक्तिगत सहभागिता सुनिश्चित करें –राज्यपाल

पटना, 24 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित होनेवाले 15 दिवसीय 'संरक्षण क्षमता महोत्सव' (सक्षम–2023) का उद्घाटन अधिवेशन भवन, पटना में किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें ऊर्जा के संरक्षण एवं संवर्धन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा वैकल्पिक ऊर्जा नहीं, बल्कि मूल ऊर्जा है और इसे प्रकृति ने हमें दिया है, जिसका अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण हेतु पर्यावरण के संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि इसके लिए जन–जागरूकता जरूरी है।

राज्यपाल ने गोवा विधान सभाध्यक्ष के रूप में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से वहाँ की विधान सभा को पेपरलेस बनाने संबंधी अपने प्रयोग एवं उसके अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि 40 सदस्यीय गोवा विधान सभा के 12 दिनों का सत्र बिना कागज के संचालित किया गया और इसके फलस्वरूप 1298 पेड़ों को कटने से बचाया जा सका।

इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि० के कार्यकारी निदेशक एवं तेल उद्योग, बिहार के राज्य स्तरीय समन्वयक श्री संजीव कुमार चौधरी, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि० के राज्य प्रमुख श्री अमित मित्तल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि० के महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार सिंह, गेल के उप महाप्रबंधक मो० गयूर जाहिरी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....